हम को कब दर पे बुलाओ गे

हम को कब दर पे बुलाओ गे मेरे बाबा हनुमत प्यारे
कब किरपा अपनी बरसाओ गे
मेरे बाबा हनुमंत प्यारे
हम को कब दर पे बुलाओ गे मेरे बाबा हनुमत प्यारे

सालासर की गलियों में हम बाट निहारे राम दुलारे
कब तक हम को भटकाओगे शरनागत भक्त तुम्हारे
हम को कब दर पे बुलाओ गे मेरे बाबा हनुमत प्यारे

सब के दुखड़े पल में मिटाओ
संकट से तुम पार लगाओ
हमे कैसे पार लगाओ गे मेरे बाबा हनुमत प्यारे
हम को कब दर पे बुलाओ गे मेरे बाबा हनुमत प्यारे

भगत शरोमनी तुम कहलायो हम को भव से राम दिखाओ
कब तक हम को ठुकराओ गे तुम माँ अंजनी के दुलारे
हम को कब दर पे बुलाओ गे मेरे बाबा हनुमत प्यारे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22151/title/hum-ko-kab-dar-pe-bulao-ge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |